SITAPUR POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

₹ 10,000/- का वांछित इनामिया अपराधी गिरफ्तार,

चोरी से संबंधित माल व अवैध शस्त्र बरामद

दिनांक:-07.11.2026

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में लूट/चोरी/नकबजनी/छिनैती व अन्य जघन्य अपराध में संलिप्त/वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी लहरपुर श्री अभिषेक कुमार के निर्देशन में थाना तंबौर पुलिस टीम द्वारा पुरस्कार घोषित अपराधी हंगू उर्फ अंगू उर्फ बिहारी पुत्र मिश्रीलाल नि. सघवापुर थाना रेउसा सीतापुर को छरेहटी मोड़ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मौके से एक अदद देशी कट्टा 12 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व दो जोड़ी पैर का बिछुआ एक आधार कार्ड बरामद हुआ है।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हंगू उर्फ अंगू उर्फ बिहारी पुत्र मिश्रीलाल नि. सघवापुर थाना रेउसा सीतापुर थाना तंबौर क्षेत्र में दो चोरी की घटनाओं में पंजीकृत अभियोग में करीब 04 माह से वांछित चल रहा था जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 10,000/-रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, इसके के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबजनी/अवैध शराब व अवैध शस्त्र, मारपीट जैसे अपराधों में करीब 1 दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त का चालान मा.न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराध/ अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

अभियुक्त का नाम/पता:हंगू उर्फ अंगू उर्फ बिहारी पुत्र मिश्रीलाल नि. सघवापुर थाना रेउसा सीतापुर

संबंधित अभियोग-

- **मु0अ0सं0 197/2026** धारा 305(A)/317(2) BNS थाना तंबौर सीतापुर
- **मु0अ0सं0 220/2026** धारा 305(A)/331(4)/317(2) BNS थाना तंबौर सीतापुर

बरामदगी-

- **अवैध असलहा:** 01 अदद देशी कट्टा (12 बोर) मय 02 अदद जिंदा कारतूस (12 बोर)।
- **चोरी के जेवर (मु0अ0सं0 197/26 से संबंधित):** 02 जोड़ी पायल (सफेद धातु/चांदी)
- **चोरी के जेवर व दस्तावेज (मु0अ0सं0 220/26 से संबंधित):** 02 जोड़ी बिछुआ (सफेद धातु/चांदी) तथा 01 अदद आधार कार्ड

पुलिस टीम – उ0नि0 श्रीनिवास पाण्डेय, उ0नि0 शीतला प्रसाद यादव, हे0का0 / का0 राजू कुन्तल, का0 अरुण कुमार

आपराधिक इतिहास -

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद
1	197/26	305(a)/317(2) BNS	तम्बौर	सीतापुर
2	220/26	305(a)/317(2) BNS	तम्बौर	सीतापुर
3	0092/2019	60(2) आवकारी अधि0	रेउसा	सीतापुर
4	0004/2021	25(1B) आर्म्स एक्ट	रेउसा	सीतापुर
5	0241/2022	380, 411, 457 भादवि	रेउसा	सीतापुर
6	0254/2022	4/25 आर्म्स एक्ट	रेउसा	सीतापुर
7	0375/2022	323, 324, 504 भादवि	रेउसा	सीतापुर
8	0072/2025	303(2),317(2)बीएनएस	रेउसा	सीतापुर
9	0181/2025	25(1B) आर्म्स एक्ट	रेउसा	सीतापुर


थाना-तम्बौर ,जनपद-सीतापुर